आईनॉक्सविंड लिमिटेड को मिला 170 मेगावाट का आर्डर

नागपुर. गुजरात फ्ल्यूरोकेमिकल्स लिमिटेड की सहायक कम्पनी आईनॉक्सविंड लिमिटेड को कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी से 170 मेगावॉट का आर्डर मिला है. सिंगापुर की कॉन्टिन्नम विंड एनर्जी का अप्रत्यक्ष स्वामित्व मुख्य रूप से मोर्गन स्टैनली इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स के पास है. यह परियोजना मध्यप्रदेश के रतलाम एवं मंदसौर जिलों में क्रियान्वित की जायेगी तथा यह एकल परियोजना के रूप में भारत में सबसे बड़े विंड टर्बाइन ऑर्डर में से एक है. 900 करोड रु. मूल्य के 100 मीटर रोटर व्यास वाली 2 मेगावॉट विंड टर्बाइन की 85 इकाइयों की आपूर्ति के ऑर्डर में जाने माने 2 मेगावाट विंड टर्बाइन प्लेटफार्म का ही एक वैरियेंट है. आईनॉक्स इस परियोजना के निर्माण एवं आरंभ करने के अलावा इसके संचालन एवं रखरखाव का निष्पादन भी करेगा.

औद्योगिक कॉरपोरेट

आईनॉक्स विंड लि. के सीईओ कैलाश ताराचंदानी ने कहा कि प्रौद्योगिक एवं ग्राहक केंद्रस्थता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ हमने इस नये उत्पाद को अपने क्लाइंटों के लिए लांच किया है जो पवन की गति कम होने पर भी अनुकूलतम ऊर्जा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं.कॉन्टिन्नमविंड एनर्जी के सी.ई.ओ. एवं निदेशक अरविंद बंसल ने कहा हमें विश्वास है कि ऐसी परियोजनाओं का सफल क्रियान्वयन न केवल भारत के लिए एक स्वच्छ ऊर्जा आधार का निर्माण करेगा, बल्कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण समुदायों को सशक्त करने में भी सहायता करेगा.